## महत्वपूर्ण एवं खास

### बैंक आफ बडौदा ने मास्क बांटकर मनाया अपनास्थापना दिवस



**रायगढ़।** 20 जुलाई को बैंक आफ बडौदा ने अपना 113 वा स्थापनादिवस मनाया। 20 जुलाई 1908 को भारत के सबसे बडे दूसरे बैंक की नींव सैयाजीरावगायकवाड तृतीय ने रखी थी। तब से लेकर आज तक इस राष्ट्रीयकृत बैंक ने अपने बेहतरग्राहक सेवा के दम पर नित नई उचाईयों को छुआ है। इस मौके पर केवडाबाडी स्थित बैंक आफ बडौदा नेअपने शाखा को दुल्हन की तरह सजाया था। सभी स्टाफ एक गणवेश में काम कर रहे थे। इसमौके पर बैंक में आने वाले सभी ग्राहकों को मास्क बांटा गया। रायगढ शाखा के शाखाप्रबंधक श्री रंजीत कुमार बर्मन ने बताया कि, 20 जुलाई को बैंक आफ बडौदा के सभी शाखाओं में स्थापना दिवसमनाया जाता है। इस दिन सभी ग्राहकों को मिठाई खिलाया जाता है, किंतु इस वर्ष कोरोनावायरस के कारण मिठाई कीजगह मास्क बांटा गया । बैंक में सभी ग्राहकों को सेनिटाईज किया जा रहा है, बैंक में और बाहर भी सोशल डिस्टेंसिंग के बारेमें बताया जा रहा है। इस महामारी के समय में सभी ग्राहकों को डिजिटल बैकिंग केबारे में जागरूक किया जा रहा है, तथा यथासंभव घर पर ही रहने के लिए निवेदन किया जा रहा है। इस मौके पर बैंक केअन्य स्टाफ श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, अक्षय कंवर, टी राहुल, आशीष प्रधान, रोहित इंदुरकर, मनीष बारा, सुन्दर लाल पटेल, अनिता तिर्की, प्रशांत सुपकार, एम श्रुति, सरिता बरवा, संतोष कुमार बर्मन, अजित कुमार गुप्ता, देवेंद्र नामदेव व सुरक्षाकर्मी परमानंद कुमार प्रधानमौजूद थे।

### प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन प्रशिक्षण के निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने कोविड-19 के नियंत्रण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन संचालित करने के निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करते समय भी शारीरिक-सामाजिक दूरी के संबंध में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के सचिवों, सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को परिपत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि अत्यंत आवश्यक होने पर प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण पूर्वानुमति प्राप्त कर ही आयोजित किए जाएं। विभाग ने सभी संबंधितों को इन निर्देशों के बारे में सूचित कर इनका पालन सुनिश्चित करने कहा है।

### राजधानी में पूर्व लॉक डाउन से भी होग सख्त

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व लॉक डाउन से भी सख्त होगी रायपुर जिले में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक लगने वाली तालाबंदी। यह बात कलेक्टर डॉ.एस भारतीदासन ने कही है। सोमवार को कलेक्टर से रेडक्रॉस सभा कक्ष में पत्रकारवार्ता में कहा कि ये 7 दिन पिछले लॉक डाउन से एडवांस होंगे। उन्होंने जिले वासियों से अनुरोध किया है कि अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। जिले की दोनों नगर निगमों रायपुर और बिरगांव के सम्पूर्ण क्षेत्रों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अब पूरे इलाकों में कंटेनमेंट जोन की तरह ही निगरानी रखी जाएगी। निगम क्षेत्रों के अंतर्गत 22 थाना इलाकों में सख्त निगरानी रहेगी। पेट्रोलिंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कुल 23 नाकेबंदी पॉइंट बनाए गए हैं। इनमें 25 अंदरुनी क्षेत्रों और 8 आउटर में बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 30 अलग पेट्रोलिंग टीम गश्त करेगी। पुलिस की अतिरिक्त टीमें तैनात रहेगी। उन्होंने साफ कहा है कि इस बार हल्के में ना लें, इस बार सख्त कड़ाई रहेगी।

### जिले के 12 स्थानों में लगाया गया निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर

**धमतरी (आरएनएस)।** 'हरेली तिहार' के मौके पर आज प्रदेश सहित जिले में गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले के 12 स्थानों में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया तथा कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई।

## जिले के खरसिया क्षेत्र के ग्राम तेन्दुमुड़ी से गोधन न्याय योजना का शुभारंभ

# दो रुपये किलो गोबर क्रय करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य है-उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल





**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने आज जिले के खरसिया क्षेत्र के ग्राम-तेन्दुमुड़ी स्थित गौठान में गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया। उच्च शिक्षामंत्री ने ग्राम-तेन्दुमुड़ी के गौठान पहुंचकर हरेली पर्व पर खेती-किसानी में उपयोग आने वाले पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना की और पशुओं को चारा खिलाया तथा गौठान में प्रारंभ किये गये गोबर क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गोबर लेकर आये पशु पालकों से बातचीत भी की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने उपस्थित सभी ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों को हरेली पर्व की बधाई देते हुये कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गत वर्ष गांवों के विकास के लिए नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी की शुरूआत की थी इसके आगे की प्रक्रिया में इस वर्ष हरेली के दिन से राज्य के किसानों और पशुपालकों के हित में गोधन न्याय योजना की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि आज के दिन पूरे प्रदेश सहित रायगढ़ जिले के 114 गौठानों में इस योजना की शुरूआत हुई है। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि प्राय- पशुओं के सड़कों पर घुमने-बैठने से सड़क दुर्घटनायें होती है जिससे पशुधन के साथ मानव जीवन की हानि होती है अब इस प्रकार की दुर्घटनाओं में कमी आयेगी तथा किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी, पशुओं के प्रति लोगों में प्रेम बढ़ेगा और किसानों को वर्मी कंपोस्ट खाद प्राप्त होने से जैविक खाद के प्रति लोगों में रूझान बढ़ेगा।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां राज्य सरकार एक रुपये प्रतिकिलो चावल उपलब्ध करा रही है और पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो गोबर क्रय किया जा रहा है। राज्य में आगे चलकर यह योजना सहकारिता के माध्यम से चलाया जायेगा। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस अवसर पर पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं के लिए चारा बीज एवं कृषि विभाग की ओर से कृषि उपकरणों का वितरण किया। उन्होंने गौठान में वृक्षारोपण कर ग्रीन चर्या अभियान को भी आगे बढ़ाया। गोधन न्याय योजना के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हरे-भरे वातावरण में हम हरेली त्यौहार मना रहे है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किसानों और ग्रामीणों के आत्मनिर्भरता की ओर ध्यान देते हुए गोधन न्याय योजना लागू की गई है। इससे ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना से किसानों के फसलों की सुरक्षा होगी तथा दूध का उत्पादन बढ़ेगा इससे कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को पशुओं का गोबर क्रय करने, इसकी राशि के भुगतान तथा वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने से लेकर इसके विक्रय तक की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारी गौठानों में गोधन न्याय योजना के बारे में प्रशिक्षण दे रहे है। इससे वर्मी कम्पोस्ट बनाने की गुणवत्ता में सुधार होगा। कलेक्टर सिंह ने संपूर्ण गौठान क्षेत्र और चारागाह स्थल का निरीक्षण कर गांव के कुल पशुओं की संख्या और गौठान में आने वाले पशुओं के लिये चारा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चारागाह के 75 प्रतिशत भूमि में पशुओं के लिए चारा तथा 25 प्रतिशत भूमि में सब्जी इत्यादि लगावे तथा गौठान में किये गये वृक्षारोपण को ट्री गार्ड लगाकर संरक्षित करें। कलेक्टर सिंह ने ग्राम में 20 वर्षो से अधिक समय से निवासरत ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा तथा सार्वजनिक हित में उपयोग हेतु खेल मैदान, तालाब, शमशान स्थल, पूजा स्थल के लिए सामुदायिक वन भूमि पट्टा प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

# हताशा के दौर मे मनोबल बढ़ाने की सामाजिक पहल

### अग्र समाज के लिए 50 फीसद रियायत मे ईलाज की व्यवस्था



**रायगढ़।** बहाने कमजोर लोग बनाते हैं। जिन्हें समाज के लिए कुछ करना होता है,उनका संकल्प मजबूत होता है और वह हर समय समाज के अंतिम व्यक्ति की भलाई की चिंता करते हैं। दुनिया भर में कोविड 19 के कहर के कारण अनिश्चितता का माहौल है और इस मुश्किल दौर मे भी नगर का अग्रसमाज सामाजिक सरोकारों का नया आयाम स्थापित करने की दिशा मे आगे बढ़ रहा है। अग्र कुलभूषण महाराज अग्रसेन के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुये अग्र समाज की सामाजिक कड़ी को मजबूत करने के क्रम मे अब नगर की ख्यातिलब्ध ईकाई ÷अग्रसेन सांझा चूल्हा÷ की पहल पर अग्र बंधुओं के लिए रियायती ईलाज की सुविधा शुरु कराई गई है जिसके अंतर्गत जरुरतमन्द अग्रबंधुओं को चिन्हित निजी चिकित्सकों से 30 से 50 फीसद की छूट पर जांच व ईलाज के साथ आपरेशन की सुविधा मिल सकेगी। वैश्विक महामारी से ऊपजे बेहद कठिन दौर मे जब तमाम जनसंख्या अपने वर्तमान और भविष्य को लेकर चिंतित है और मानसिक,आर्थिक व शारीरिक स्तर पर बेबसी का अनुभव कर रही है,ऐसे प्रतिकूल माहौल मे नगर के ÷अग्रसेन सांझा चूल्हा÷संस्था की पहल पर शहर के अग्र बंधुओं के लिए जीविकोपार्जन की व्यवस्था के बाद अब ईलाज की दिशा मे भी नायाब मिसाल पेश की है। समाज को मितव्ययता का संदेश देने के साथ ही अग्रसेन सांझा चूल्हा संस्था ने करीब एक दर्जन प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अग्र समाज के व्यक्ति का सम्पूर्ण ईलाज 30 से 50 फीसद की रियायत पर करने की स्वीकृति ले ली है। सामाजिक कड़ी को मजबूत करने की दिशा मे किसी भी समाज की ओर से रियायती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की यह पहली मिसाल है। इससे पहले भी दान-दक्षिणा,शिक्षा,व्यवसाय- व्यापार,विवाह आदि शुभ कर्म समेत सामाजिक उत्थान मे अग्र समाज ने आदर्श और प्रेरणादायक मिसाल पेश की है।उक्तानुसार अग्र समाज को रियायती दर पर मुकम्मल ईलाज की सुविधा देकर मानवता और अग्र शिरोमणि महाराज अग्रसेन के आदर्श स्थापित करने के साथ सामाजिक एकजुटता की दिशा मे अग्र समाज ने सकारात्मक जीवन का संदेश दिया है। अग्रसेन सांझा चूल्हा की ओर से रियायती ईलाज के लिए अस्थि एवं सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र अग्रवाल (डॉ. राजू) गांधी गंज,जनरल फिजिशियन डॉ.मनीष बेरिवाल कोतरा रोड , पैथोलॉजिस्ट डॉ. मल्लिका अग्रवाल गांधी गंज,दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल पैलेस रोड,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के.अग्रवाल सिटी प्लाजा, पैथोलॉजिस्ट डॉ.बाल मुकुन्द अग्रवाल बालाजी पैथोलॉजी सिविल लाइंस , रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अरूण केडिया अनुपम डायग्नोसिस,चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष अग्रवाल इतवारी बजार,स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ कोतरा रोड, डॉ.मनोज गोयल,अपेक्स हॉस्पिटल बाईपास चौक से ईलाज हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

### गृह मंत्री ने ऑक्सीवन का किया लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** गृह मंत्री और गरियाबंद जिले के प्रभारी श्री ताम्रध्वज साहू ने आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम मुड़ागांव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऑक्सीवन का लोकार्पण किया। इसका निर्माण कैम्पा मद के तहत 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया है। हरेली पर्व के अवसर पर आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में गृह मंत्री ने पौधरोपण भी किया। ऑक्सीवन के अंतर्गत फलदार पौधों-बेहडा, आवला, जामुन, कटहल के अलावा छायादार वृक्ष-पीपल, बरगद, मौलश्री आदि के लगभग 15 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है।

कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों ने बताय कि पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत जिले में 53 हजार 659 फलदार एवं छायादार पौधों का निःशुल्क घर पहुंच वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से जोड़ते हुए मुनगा महाअभियान कार्यक्रम के तहत जिले में इस महिने की छह तारीख को 392 स्कूलों, 288 आंगनबाड़ी केन्द्रों और 21 छात्रावास-आश्रमों में 4 हजार 622 मुनगा पौधा लगाया गया है।

### अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय का नवनिर्मित ओपीडी भवन प्रारंभ करवाने हेतु कलेक्टर रायगढ़ का आभार



**न्यायसाक्षी / रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ ने विगत दिनों एक ज्ञापन सौंपते हुए रायगढ़ जिलाधीश भीम सिंह का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि दानवीर सेठ किरोड़ीमल द्वारा निर्मित अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय में पुराने ओपीडी भवन के जर्जर हो जाने के कारण रायगढ़ के एक दान दाता रामेश्वर नट बोल्ट के संचालक मोहन अग्रवाल कोतबा वाले ने पुराने भवन के स्थान पर लगभग 60 लाख खर्च कर एक नया आई सी यू ,मेल ,फीमेल वार्ड सहित ओपीडी भवन तैयार किया है। परंतु विगत पांच वर्षों से यह बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण अस्पताल में चिकित्सकों तथा मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। अतः नवनिर्मित ओपीडी भवन को प्रारंभ करवाने की मांग की गयी थी। जिस पर संवेदनशील कलेक्टर रायगढ़ भीम सिंह ने इस चिकित्सालय का दौरा किया और किरोड़ीमल धर्मादा ट्रस्ट तथा यहां पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर रुपेंद्र पटेल को तत्काल नवनिर्मित ओपीडी भवन में शिफ्ट होने हेतु कहा है । उनकी इस पहल से यहां

### सीमेंट कंपनी के अधिकारी अपनी ही कंपनी को लगा रहे चूना

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** यह खबर चौंकाने वाली है, लेकिन सच है। जिंदल पैंथर सीमेंट कंपनी के तीन बड़े अधिकारी द्वारा चैनल पार्टनर से मिलकर कंपनी को चूना लगाया जा रहा है जिसकी भनक तक कंपनी के मालिकों को नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि अभी हाल ही में बनारस के एक व्यापारी को पैंथर सीमेंट के एक पूरे रैक की डिलेवरी दी गई। यह सप्लाई एक्स साईडिंग 250रुपये प्रतिबोरी के अनुसार चैनल पार्टनर को रेट मे पहुंचा कर दिया गया जबकि बनारस में सीमेंट का रेंट वहां मार्केट में मौजूद सभी कंपनी के रेक द्वारा 300 से 330 रूपये प्रति बोरी है और फुटकर रेट 350 रूपये से 400 रूपये के रेट मे बिक रहा है, मार्केट सें 50 से 70 रूपये के घाटे में जिंदल पैंथर सीमेंट चैनल पार्टनर को बिक्री करने की वजह क्या है।

इस पूरे मामले को लेकर हो रही चर्चाओं में कहा जा रहा है कि या तो जिंदल पैंथर सीमेंट की क्वालिटी ठीक नहीं है या जिंदल पैंथर सीमेंट के अधिकारी आपस में मिली भगत करके कंपनी मालिक को चूना लगा रहे है, क्योंकि जिस रेट में रैक दिया जा रहा है उस रेट में कंपनी की लागत भी नहीं निकलेगी, मुनाफे का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। जब कंपनी को प्रोडक्शन चार्ज भी नहीं मिलेगा तो इसे सीमेंट की खैरात ही कहना होगा। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि बिहार में भी सेटिंग कर इसी तरह रैक भेजा जा रहा हैं।

अगर समय रहते प्रबंधकों की मिलीभगत से चल रहे इस रैकेट को रोका नहीं गया तो सीमेंट फैक्ट्री के बैठ जाने का भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। कंपनी के मालिकों को तत्काल इस पूरे मामले की जाँच की पहल करनी होगी अन्यथा कंपनी को चूना लगा रहे अधिकारी अपनी निजी तिजौरियां भरते रहेंगे इसलिए इससे पहले कि कंपनी को चूना लगा रहे अधिकारी अपनी तिजौरियां लबालब भरने के बाद कहीं रफ्फू चक्कर हो जायें। उनकी गर्दन नापनी होगी।

# कलेक्टर ने वन क्षेत्र के ग्राम-बिंजकोट में निर्माणाधीन गौठान का किया निरीक्षण





**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने खरसिया क्षेत्र के वन क्षेत्र स्थित ग्राम-बिंजकोट में निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में पशुओं की संख्या, गौठान में पानी इत्यादि की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। वनमंडलाधिकारी रायगढ़ मनोज पाण्डेय ने निर्माणाधीन गौठान और चारागाह विकसित किये जाने के विषय में कलेक्टर सिंह को अवगत कराया। कलेक्टर सिंह ने गौठान में कार्यरत स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से उनके रोजगार गारंटी योजना में कार्य दिनों की संख्या, जॉब कार्ड में प्रविष्टि तथा समय पर मजदूरी भुगतान के विषय में भी पूछताछ की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से उनके रोजगार और उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताछ करते हुये वहां के उद्योगों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने वन अधिकारियों को सामुदायिक वनभूमि पट्टा प्रदान करने के प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुऋचा प्रकाश चौधरी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480